Felicitation to Indian Space Research Organisation for the first successful mission of an Indian Astronaut Sh. Subhanshu Shukla to the International Space Station

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री, श्री शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के पहले सफल मिशन के लिए सदन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ ।

माननीय सदस्यगण, इस विषय पर माननीय सदस्यों की भावनाओं के अनुरूप इस सत्र में व्यापक चर्चा भी होगी ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न काल । प्रश्न संख्या 1, श्री प्रदीप पुरोहित ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अखिलेश जी, इनको बैठाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज़ बैठ जाइए । मेरी बात सुनिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मणिक्कम जी, बैठ जाइए । मेरी बात सुनिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, यह प्रश्न काल है और मेरा आपसे आग्रह और निवेदन है कि हमें संसदीय परंपराओं को उच्च कोटि का बनाने का प्रयास करना चाहिए । यह मिथक तोड़ना चाहिए कि सदन के अंदर व्यवधान पैदा होगा । हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम देश की जनता की भावनाओं के अनुरूप, उनकी इच्छाओं के अनुरूप यहां सदन में उनकी आकांक्षाओं को रखें, उनकी भावनाओं को अभिव्यक्त करें । देश में जो महत्वपूर्ण विषय हैं और जो घटनाएं घटी हैं, उन पर व्यापक चर्चा और संवाद हो । इस मिथक को तोड़ना ही चाहिए, ऐसा मेरा आपसे आग्रह है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** जो भी विषय होता है, वह प्रश्न काल के बाद होता है । आप नोटिस दीजिए ।

? (व्यवधान)

श्री बी**.** मणिक्कम टैगोर **(**विरूधुनगर**) :** सर, नोटिस दिया हुआ है । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** अखिलेश जी, आप सभी सदस्यों से कहिए कि वे तख्तियां लेकर न आएं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** प्रश्न काल के बाद सब विषयों पर चर्चा करेंगे ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** प्लीज़ बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** यह तरीका ठीक नहीं है । सदन के पहले दिन सदन चले, अच्छी चर्चा और व्यापक चर्चा हो । मैं सभी सदस्यों को पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दूंगा । सदन नियमों और प्रक्रियाओं से चलता है ।

? (व्यवधान)

श्री बी**.** मणिक्कम टैगोर **:** सर, एलओपी को बोलने का मौका दीजिए ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** प्रश्न काल के बाद मौका दूंगा ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** प्लीज़ बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)

श्री बी**.** मणिक्कम टैगोर **:** सर, एलओपी को बोलने दीजिए । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** नो! श्री प्रदीप पुरोहित जी ।

? (व्यवधान)

11.13 hrs

At this stage, Shri B. Manickam Tagore and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

-

12.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.

(Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)

? (व्यवधान)